DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS नई दिल्ली, 2 जून, 2023 दैनिक जागरण DATED

# 15 जून तक नालों की सफाई का काम करा लें पूरा : डा. ओबेराय

## जलभराव वाले स्थानों पर कैमरे से निगरानी कराने के दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : मानसून से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित करने और जलभराव को रोकने के लिए महापौर डा, शैली ओबेराय ने बृहस्पतिवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में निगम के साथ ही पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में महापौर ने सभी अधिकरियों को 15 जून तक नालों की सफाई पूरा करने का निर्देश जारी किए हैं। जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी-अस्थायी वाटर पंप लगाने और संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के जरिए निगरानी करने का भी निर्देश दिए। दिल्ली के लोगों को जलभराव से बचाने के लिए साप्ताहिक स्तर पर अधिकारी प्रगति रिपोर्ट जमा कराएं।

मेयर ने कहा कि बैठक का उद्देश्य दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में नालों से गाद निकाले जाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा करना और जलभराव को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने पर चर्चा करना था। महापौर ने स्पष्ट किया कि 15 जून तक नालों का औचक निरीक्षण करेंगी। उन्होंने रानी खेड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में चिंता जताते हुए ऐसे जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी व अस्थायी वाटर पंप लगाने को कहा। जिन स्थानों पर हमेशा जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है वहां पर स्थायी समाधान के लिए दीर्घकालिक योजना बनाएं। अति संवेदनशील क्षेत्रों में जलभराव रोकने के लिए ज़ोनल स्तर पर संवाद की प्रक्रिया स्थापित की जाए। निर्देश दिए कि ऐसे विवादित नालों का निगम सर्वे करें। कुछ नालों की सफाई को लेकर सीमा व एजेंसी की जिम्मेदारी को लेकर अक्सर जलभराव के बाद विवाद सामने आते हैं।




समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करतीं महापौर डा. शैली ओबेराय • सौ. नगर निगम

### आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को महापौर ने दिए प्रमाणपत्र

जासं, पूर्वी दिल्ली : अपने कचरे का खुद निस्तारण कर रहीं आवासीय सोसायटियों ने मिसाल पेश की है। बृहस्पतिवार को पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र स्थित दिल्ली नगर निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन कार्यालय के सभागार में आइपी एक्सटेंशन, वसुंधरा एन्क्लेव, कड़कड़ूमा और विनोद नगर की जीरो वेस्ट घोषित ऐसी ही 100 सोसायटियों के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों व शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को महापौर डा. शैली ओबेराय ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इंडियन पाल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आइपीसीए) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में व्यक्तिगत तौर पर इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही उन सोसायटियों से अपने स्तर पर कचरा निस्तारण करने की अपील की गई, जो अभी ऐसा नहीं कर रही हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS---- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 जून 2023

# प्रगति मैदान के पास झुग्गियां ध्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रगति मैदान के पास भैरों मार्ग से 55 से अधिक झुग्गियों को अधिकारियों ने अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत गुरुवार को ध्वस्त कर दिया, जिसके चलते 40 से अधिक परिवार बेघर हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। वहीं, निवासियों ने कहा कि तड़के करीब चार बजे जेसीबी की तेज आवाज के बाद उनकी आंख खुली और पाया कि उनके घरों को गिराने की तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी में इस साल के अंत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले अधिकारी अतिक्रमण रोधी अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रगति मैदान के पास भैरों मार्ग पर कई झुग्गियां हटाई गईं।



प्रगति मैदान और भैरों मार्ग के पास चलाए जा रहे अतिक्रमण-विरोधी अभियान में ढहाए गए मकानों के बाद बारिश में तिरपाल के नीचे बैठा परिवार। • सलमान अली

**कस्तूरबा नगर में दूसरे दिन भी कार्रवाई :** कस्तूरबा नगर में अवैध निर्माण पर दूसरे दिन भी डीडीए बुलडोजर चला। इस दौरान गलियों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। विश्वास नगर 60 फीट रोड को बैरिकेड लगा कर वाहनों के बंद कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शेष अवैध निर्माणों को तोड़ दिया गया और मलबा उठाने का कार्य जारी है। गुरु अंगद नगर के समीप शांति स्वरूप भटनागर मार्ग से भी अवैध दुकानों को हटाया जाएगा।

# नालों की सफाई करने का आदेश

नई दिल्ली। बारिश के मौसम में जलभराव को रोकने के लिए महापौर ने दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को 15 जून तक सभी नालों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में उन्होंने पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ समेत अन्य विभागों के साथ समीक्षा बैठक की।

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
FRIDAY, JUNE 2, 2023

# Mayor directs officials to complete desilting of MCD drains by June 15

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Officials from Municipal Corporation of Delhi, Public Works Department, Delhi Development Authority and some other departments on Thursday held a joint meeting to discuss ways to prevent waterlogging during the upcoming monsoon season.

Mayor Shelly Oberoi directed MCD officials to complete the desilting work of all drains by June 15. "Permanent and temporary water pumps should be installed at waterlogged places. Sensitive places should be monitored through CCTV cameras. To save the people of Delhi from waterlogging, the officials should submit progress reports on a weekly basis," she said.

The mayor added that she would conduct inspections to check the ground reality.

Expressing concern regarding vulnerable areas like Rani Kheda, Oberoi said that a long-term plan should be made to permanently solve the problem of waterlogging at sensitive places.

During the meeting, the mayor also directed MCD officials to conduct a survey to settle the issues related to the jurisdiction of some drains.

Meanwhile, Oberoi also launched the dengue-malaria prevention month campaign from east Patel Nagar. "Similar awareness programmes will be conducted in each zone and MCD will be on high alert to avoid mosquito breeding and control mosquito-borne diseases. The cooperation of citizens is crucial to prevent mosquito breeding," she said.

Municipal health officer Dr Lallan Verma stated that MCD was making people aware of mosquito-borne diseases through various mediums. "Dengue is spread by the bite of female adult Aedes mosquitoes. These mosquitoes thrive in stagnant water," he added.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS---- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI FRIDAY, JUNE 2, 2023 ----------DATED------------------------

# Govt looks for cues to boost 4 tourist spots

**Atul.Mathur**@timesgroup.com

**New Delhi:** With footfall at its four tourist destinations—Guru Tegh Bahadur Memorial at Singhu Border, Azad Hind Gram at Tikri Kalan and Dilli Haats at Janakpuri and Pitampura – constantly falling and people's interest in visiting them waning, Delhi Tourism and Transportation Development Corporation (DTTDC) has asked companies to suggest measures on how these tourist spots can be revived.

DTTDC has also asked the companies engaged in developing and operating tourist facilities to share suggestions on how it can use two vacant plots at IP Extension and Janakpuri, which were allotted by Delhi Development Authority for the construction of coffee homes, with the objective of providing good services to people while earning revenue for itself.

"We have decided to hold consultations with reputed agencies that have enough experience of developing and operating tourist facilities," said an official.

"We have asked such entities to provide us suggestions through email. We will screen the suggestions and invite the shortlisted entities for a discussion. We may later engage one of them as a consultant to help us redevelop these properties," the official added.

While the Dilli Haat at INA, which was opened in 1994 to promote rural handicraft and was redeveloped and beautified recently, attracts a large number of people, the ones built in Pitampura and Janakpuri in 2008 and 2014 respectively, did not become so popular.

Similarly, Azad Hind Gram on NH-10, which is dedicated to Netaji Subhash Chandra Bose, and Guru Tegh Bahadur Memorial, developed as a site for spiritual-tourism, also get a lacklustre response from the residents of Delhi as well as tourists.

In the last couple of years, DTTDC has taken several measures to promote tourism in Delhi and its recent initiative of starting heritage walks to the city's popular monuments as well the "haunted" ones has been extremely successful.

A senior DTTDC official said attempts had been made to revive the four tourist spots in the past few months, but the success achieved was limited. However, various cultural festivals are regularly organised at Janakpuri and Pitampura Dilli Haats, which attract a good number of people, the official added.

Sharbat Mela, Mango Festival, Teej and Rakhi Mela, Dandiya, Diwali Mela, Winter Carnival, Jashn-e-azadi, Bagwani Festival and food festivals are a regular feature at Janakpuri Dilli Haat. The Pitampura Haat has multipurpose pavilions, amphitheatres, banquet halls and exhibition halls.

Guru Tegh Bahadur Memorial is spread over 46,000 square metres and has an amazing landscape while Azad Hind Gram has buildings and a museum dedicated to Netaji Subhash Chandra Bose.

"All these places need to be redeveloped so that they can once again become popular among Delhiites and people visiting the city. Engaging with experts can give us some new ideas on how we can creatively revive them," said another official.

Photos: Anindya Chattopadhyay






Dilli Haat at INA, opened in 1994, was redeveloped and beautified recently

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**


नई दिल्ली। शुक्रवार • 2 जून • 2023 | राष्ट्रीय सहारा ----------DATED----------

# नालों की डी-सिल्टिंग 15 तक पूरा करें : मेयर

- **मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ समेत कई विभागों के साथ की समीक्षा बैठक**
- **जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी-अस्थायी वाटर पंप लगाने का प्रस्ताव**
- **जलभराव से बचाने के लिए साप्ताहिक स्तर पर अधिकारी प्रगति रिपोर्ट जमा कराएं**
- **मेयर ने कहा, हमारा फोकस एमसीडी के नालों के ऊपर होना चाहिए**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग सहित कई अन्य विभागों के साथ निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने निगम के सभी नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य 15 जून तक पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी-अस्थायी वाटर पंप लगाए जाएं। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे के जरिए निगरानी रखी जाए। दिल्ली के लोगों को जलभराव से बचाने के लिए साप्ताहिक स्तर पर अधिकारी प्रगति रिपोर्ट जमा कराएं। हमारा फोकस नालों के ऊपर होना चाहिए।



बैठक में मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने निगम मुख्यालय में बृहसप्तिवार को बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग सहित अन्य विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में गाद निकाले जाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा करना और जलभराव रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने पर चर्चा करना था। मेयर ने गाद निकाले जाने के काम में तेजी लाने और इस कार्य को 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। बारिश के मौसम से पहले हमें नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य ठीक तरीके से पूरा करना है।

उन्होंने रानी खेड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में चिंता जताते हुए कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी व अस्थायी वाटर पंप लगाए जाएं और जरूरत पड़ने पर तुरंत चलाए जाएं। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे के जरिए निगरानी रखी जाए। जलभराव वाले संवेदनशील स्थानों पर समस्या के स्थायी निपटारे के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए साप्ताहिक स्तर पर अधिकारी प्रगति रिपोर्ट जमा कराएं। हमारा फोकस नाले के ऊपर होना चाहिए। एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए।

पंजाब केसरी DELHI 2 जून, 2023 ▸ शुक्रवार

**मेयर ने अधिकारियों संग बैठक कर दिए सख्त निर्देश**

# डी-सिल्टिंग का कार्य 15 जून तक करें पूराः मेयर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ सहित अन्य विभागों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने एमसीडी के सभी नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य 15 जून तक पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी-अस्थायी वाटर पंप लगाए जाएं। संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के जरिए निगरानी रखी जाए। दिल्ली के लोगों को जलभराव से बचाने के लिए साप्ताहिक स्तर पर अधिकारी प्रगति रिपोर्ट जमा कराएं। हमारा फोकस नालों के ऊपर होना चाहिए।मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने एमसीडी मुख्यालय में गुरुवार को बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग सहित अन्य विभागों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में गाद निकाले जाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा करना और जलभराव को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने पर चर्चा करना था।

**विवादित नालों का सर्वे...** कुछ नालों के अधिकार क्षेत्र का मुद्दा विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों ने मेयर के समक्ष उठाया। ऐसे में मेयर ने नालों के अधिकार क्षेत्र संबंधी विषयों के निपटारे के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को ऐसे नालों का सर्वे करने के लिए कहा गया है।

बैठक के दौरान मेयर डॉ. ओबरॉय ने गाद निकाले जाने के काम में तेजी लाने और इस कार्य को 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि बारिश के मौसम से पहले हमें नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य ठीक तरीके से पूरा करना है। सभी नालों से गाद निकालने का काम 15 जून तक पूरा हो जाना चाहिए। इसके बाद वह नालों का औचक निरीक्षण करेंगी, ताकि हकीकत पता चल सके। उन्होंने रानी खेड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में चिंता जताते हुए कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी व अस्थायी वाटर पंप लगाए जाएं और जरुरत पड़ने पर तुरंत चलाए जाएं।

अमर उजाला

## सभी नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य 15 जून तक पूरा करने के निर्देश

नई दिल्ली। मेयर ने निगम मुख्यालय में राजधानी में जलभराव रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई एवं बाढ़ सहित अन्य विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने एमसीडी के सभी नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी-अस्थायी वाटर पंप लगाने और संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के जरिये निगरानी रखने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि वह सभी नालों का औचक निरीक्षण करेंगी। उन्होंने रानी खेड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में चिंता जताते हुए कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर स्थायी व अस्थायी वाटर पंप लगाए जाएं। ब्यूरो